सफलता का मंत्र 14

(प्रेरणादायक कहानी)

चंडीगढ़

प्रिय अक्षत,

ढेर सारा प्यार।

कल ही पिताजी का पत्र मिला। पढ़कर मालूम हुआ कि इस बार तुम्हारा परीक्षा *परिणाम* अच्छा नहीं आया है। इस कारण तुम *निराश* हो गए हो।

अक्षत तुम जानते हो, हमें कभी निराश नहीं होना चाहिए। क्योंकि बार-बार कोशिश करने से सफलता *अवश्य* मिलती है। इस संबंध में मैं तुम्हें एक कहानी कहता हूँ।



राजा ब्रूस बहुत ही *वीर* और *साहसी* था। एक बार *युद्ध* में वह अपने *शत्रु* से हार गया। उसके बहुत से *सैनिक* भी मारे गए तथा बचे हुए इधर-उधर भाग गए। राजा ब्रूस बिलकुल अकेला रह गया। वह किसी तरह छिपता-छिपाता एक जंगल में पहुँचा। जंगल में एक गुफा थी। वह गुफा में ही रहने लगा।

एक दिन राजा ब्रूस गुफा में *उदास* बैठा था। तभी उसने देखा कि एक मकड़ी गुफा की दीवार पर चढ़ रही है। थोड़ी ऊँचाई पर चढ़ने के बाद वह फिसलकर गिर पड़ी। वह बार-बार ऊपर चढ़ने की कोशिश करती किंतु हर बार नीचे गिर जाती। लेकिन *अंत* में वह दीवार पर चढ़कर ऊपर पहुँचने में सफल हो गई।

यह देखकर राजा हैरान रह गया। उसने सोचा–"यदि यह मकड़ी बार-बार कोशिश करके दीवार पर चढ़ सकती, है तो मैं युद्ध में *विजय* क्यों प्राप्त नहीं कर सकता?"

वह समझ गया। उसकी निराशा और दुख का वहीं अंत हो गया। उसके विचार बदल गए। उसने मन में ठान लिया कि मैं दोबारा युद्ध करूँगा। फिर राजा ने दोबारा सेना को तैयार किया और युद्ध किया। इस बार युद्ध में राजा ब्रूस को विजय मिली। उसका छिना हुआ राज्य और महल आदि वापस मिल गया।

देखा तुमने, बार-बार कोशिश करने से कठिन से कठिन काम भी *आसान* हो जाता है। तुम भी आज से मन लगाकर पढ़ाई करो। एक दिन तुम्हें सफलता अवश्य मिलेगी। तुम्हें मेरा ढेर सारा प्यार।

—तुम्हारा भाई

अविनाश

शब्द-भंडार

परिणाम — फल, नतीजा *(result)*,
निराश — जिसे कोई आशा न हो *(disappointed)*,
अवश्य — जरूर *(certainly)*,
वीर — बहादुर *(brave)*,
साहसी — हिम्मतवाला *(courageous)*,
युद्ध — लड़ाई *(war)*,
शत्रु — दुश्मन *(enemy)*,
सैनिक — सिपाही *(soldier)*,
उदास — दुखी *(sad)*,
विजय — जीत *(victory)*,
अंत — समाप्त *(end)*,
आसान — सरल *(easy)*।

अभ्यास

मौखिक

1. इन शब्दों को पढ़कर सुनाइए–

परीक्षा	निराश	कोशिश	ब्रूस	युद्ध
शत्रुओं	ऊँचाई	सैनिक	राज्य	अवश्य

2. निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए–

(क) अविनाश ने किसे पत्र लिखा और क्यों?

(ख) ब्रूस कैसा राजा था?

(ग) राजा ब्रूस गुफा में क्यों रहने लगा?

लिखित

1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए–

(क) प्रस्तुत पत्र अविनाश ने अपने .... को लिखा है।

☐ पिता ☐ मित्र ☐ भाई

(ख) परीक्षा में अक्षत का परिणाम कैसा था?

☐ अच्छा ☐ अच्छा नहीं ☐ बहुत अच्छा

(ग) राजा ब्रूस बहुत ही .... थे।

☐ वीर ☐ साहसी ☐ दोनों

(घ) .... करने से कठिन काम भी आसान हो जाता है।

☐ साहस ☐ कोशिश ☐ निराश

2. सही कथन के सामने (✓) तथा गलत के सामने (✗) का निशान लगाइए–

(क) राजा ब्रूस बहुत डरपोक था। ☐

(ख) राजा ब्रूस राज्य छिन जाने से दुखी था। ☐

(ग) मकड़ी गुफा की दीवार पर नहीं चढ़ सकी। ☐

(घ) राजा ब्रूस की निराशा का अंत हो गया था। ☐

(ङ) युद्ध में राजा के बहुत-से सैनिक मारे गए। ☐

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) राजा ब्रूस क्यों उदास था?

(ख) राजा ब्रूस क्या देखकर हैरान रह गया?

(ग) मकड़ी को देखकर राजा ब्रूस के मन में क्या विचार आया?

(घ) इस कहानी से तुम्हें क्या शिक्षा मिलती है?

(ङ) अविनाश ने अक्षत को सफल होने का क्या उपाय बताया?

भाषा-ज्ञान

1. पढ़िए, समझिए और दिए गए शब्दों से खाली स्थान भरिए–

कपड़े, ढोल, मकड़ी, डर, पढ़ना, ढोलक, चढ़ना, डमरू, लकड़ी, ढक्कन, डलिया

ड	ड़	ढ	ढ़
डर	मकड़ी	ढोलक	पढ़ना
....	....	....	....
....	....	....	....

2. निम्न शब्दों के बहुवचन बनाइए–

(क) मकड़ी – .... (ख) दीवार – ....

(ग) घड़ी – .... (घ) रात – ....

(ङ) मछली – .... (च) कार – ....

(छ) लकड़ी – .... (ज) पेंसिल – ....

3. सही शब्द चुनकर जोड़े बनाइए–

नीचे, उधर, रात, जीत, पास, बड़ा

(क) इधर – .... (ख) दिन – ....

(ग) हार – .... (घ) छोटा – ....

(ङ) आस – .... (च) ऊपर – ....

4. नीचे दिए गए संयुक्ताक्षरों को जोड़कर लिखिए–

(क) यु + द् + ध = ... (ख) अ + च् + छा = ...

(ग) तु + म् + हा + रा = ... (घ) प् + रा + प् + त = ...

5. पढ़िए और समझिए–

(क) हार — पराजय गले का हार

(ख) भाग — हिस्सा दौड़ना

(ग) पत्र — पत्ता चिट्ठी

क्रियात्मक गतिविधि

1. ई-मेल (e-mail) द्वारा पत्र कैसे भेजते हैं? अपने अध्यापक/अध्यापिका से जानिए।
2. अपने मित्र-सहेली को पत्र लिखकर जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीजिए।

....

....

....

....

....

....

3. नीचे दी गई विधि के अनुसार एक लिफाफा बनाकर उसमें अपने मित्र को चिट्ठी रखकर भेजिए। (टिकिट लगाना न भूलना।)